हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 फरवरी 2026

06 सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने...



09 मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला एवं...





## खबर संक्षेप

### शुभम निभाएंगे रावण की भूमिका

**विदिशा।** नगर की ऐतिहासिक श्रीरामलीला में इस वर्ष 125वें वर्ष में शुभम शर्मा रावण की भूमिका निभाएंगे। शुभम बचपन से ही रामलीला से जुड़े रहे हैं और राम, रावण, सुबाहु, नारांतक तथा देवराज इंद्र सहित अनेक पात्रों का सशक्त अभिनय कर चुके हैं। वे लीलामंत्री मनोज शर्मा के पुत्र हैं। उनके दादाजी स्वर्गीय छुट्टू लाल शर्मा (छुट्टू मम्मा) ने 35 वर्षों तक रावण वध दिवस पर रावण और लंका दहन में हनुमान की भूमिका निभाकर परंपरा को जीवंत रखा। शुभम का कहना है कि दादाजी के आशीर्वाद से वे पिछले पांच वर्षों से रावण व लंका दहन में हनुमान का अभिनय कर रहे हैं।



### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, नल-जल योजना पंचायत को सौंपी

**विदिशा।** ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर में विधायक मुकेश टंडन ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल योजना पंचायत को हस्तांतरित की। कार्यक्रम में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और हाई स्कूल विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विधायक ने विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण व जल संरक्षण पर जोर दिया। सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जादौन ने आभार व्यक्त किया।

### पुरी में होगा मजदूर संघ का अधिवेशन

**विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक 21वां अखिल भारतीय अधिवेशन 6, 7 और 8 फरवरी को पुरी (उड़ीसा) में आयोजित होगा। विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि देश-विदेश, विशेषकर ब्रिक्स देशों के श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित लगभग 2,500 प्रतिनिधि इसमें भाग लेंगे। अधिवेशन में श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, ईएसआई-ईपीएफ सुधार, रोजगार, औद्योगिक संबंध और श्रम नीतियों पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित होंगे।

### आवेदन 11 फरवरी तक

**विदिशा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या यात्रा हेतु आवेदन 11 फरवरी तक स्वीकार होंगे। शहरी आवेदक नगरीय निकाय तथा ग्रामीण जनपद पंचायत में फार्म जमा कर पावती लें। जिले से 779 यात्री 18 फरवरी को स्पेशल ट्रेन से रवाना होकर 21 फरवरी को लौटेंगे।

### सात दंपतियों को दो दो लाख की सहायता

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सात प्रकरणों में आर्थिक सहायता स्वीकृत की। प्रत्येक पात्र दंपत्ति को दो लाख रुपए प्रदान होंगे। योजना का उद्देश्य दिव्यांगजन के विवाह को बढ़ावा देकर सुरक्षा, सम्मान सुनिश्चित करना है।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**विदिशा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रीठा फाटक इलाके में बुधवार को एक 30 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान प्रशांत शर्मा के रूप में हुई है। उनके चाचा सुनील शर्मा ने बताया कि प्रशांत की खेती पहो पड़रिया क्षेत्र में है। उन्होंने आशंका जताई कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बारिश के कारण उनकी फसल को लगभग 60 प्रतिशत तक नुकसान हुआ था। परिजनों का कहना है कि फसल बर्बादी के सदमे के चलते ही प्रशांत ने यह कदम उठाया होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशांत पर किसी प्रकार का कोई कर्ज नहीं था। प्रशांत शर्मा अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे छोड़ गए हैं।

---

### जिला पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

# वेतन विसंगति, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों सहित जियो टैग गिरदावरी से पटवारी नाराज

- सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के कारण परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर बड़ी संख्या में पटवारियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन।

जिला पटवारी संघ ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संगठन के आह्वान पर सौंपे गए इस ज्ञापन में पटवारियों को कार्य के दौरान आ रही तकनीकी, प्रशासनिक और वेतन संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

पटवारी संघ अध्यक्ष मनोज बघेल ने बताया कि पटवारी पूरी निष्ठा से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। हालांकि, जियो टैग गिरदावरी, फार्मर आईडी, सीएम हेल्पलाइन और वेतन विसंगतियों के कारण उन्हें अनावश्यक दबाव और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों ने जियो टैग गिरदावरी को अव्यवहारिक बताया। उन्होंने कहा कि सर्वेयरों को मानदेय का भुगतान न होने से वे कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे गिरदावरी का पूरा भार पटवारियों पर आ गया है। एक पटवारी को 5 से 10 हजार खसरों की जियो टैग गिरदावरी करनी पड़ रही है, जो व्यवहारिक नहीं है, इसलिए ग्राम स्तर पर गिरदावरी का प्रावधान करने की मांग की गई। ज्ञापन में नवोदित पटवारियों को नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत वेतन देने और लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान करने की मांग प्रमुख रही। संघ ने बताया कि इस संबंध में हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा भी आदेश पारित किए जा चुके हैं, इसके बावजूद अब तक शासन स्तर पर अमल नहीं हुआ है। पटवारियों ने सीएम हेल्पलाइन से उत्पीड़न का आरोप लगाया। अपात्र या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों को भी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर दबाव बनाया जाता है। ऐसी शिकायतों को फोर्स क्लोज करने और संतुष्टि के नाम पर प्रताड़ना बंद करने की मांग की गई। संघ ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का 99% कार्य पटवारियों द्वारा पूरा किया जा चुका है। उन्होंने मांग की कि अन्य राज्यों की तरह यह कार्य कृषि विभाग को सौंपा जाए, ताकि पटवारियों को तकनीकी शिकायतों से राहत मिल सके। स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, ई-बस्ता प्रिंट और ऑनलाइन कार्यों के लंबित मानदेयों का भुगतान शीघ्र करने मांग की।

#### तत्काल समाधान होना चाहिएः मनोज बघेल

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज बघेल का कहना है कि पटवारी शासन की रीढ़ हैं, लेकिन लगातार बढ़ते काम और तकनीकी खामियों के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। शासन को समस्याओं का तत्काल समाधान करना चाहिए। तहसील अध्यक्ष विपुल शर्मा का कहना था कि सीएम हेल्पलाइन और फार्मर आईडी जैसी प्रक्रियाओं में सुधार नहीं हुआ तो जमीनी स्तर पर काम प्रभावित होगा।

---

# डी-मार्ट के विरोध में आज सांकेतिक फांसी का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डी-मार्ट के विरोध को लेकर व्यापारियों का आंदोलन तेज हो गया है। आज शहर के व्यापारी सांकेतिक रूप से फांसी लगाएंगे।

कांच मंदिर के समीप व्यापारियों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल भैया जैन, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन तथा अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी मौजूद रहे। माहेश्वरी ने कहा कि वे व्यापारियों के साथ खड़े हैं और आवश्यकता पड़ने पर प्रदेश की अनाज मंडियों से चर्चा कर बंद के आह्वान में सहयोग देंगे। उन्होंने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ से जुड़े होने के नाते प्रशासन से संवाद कर व्यापारियों की समस्याओं को सामने रखने का आश्वासन भी दिया।

#### आज सांकेतिक फांसी लगाएंगे व्यापारी

महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा कि विदेशी निवेश और बड़े मॉल संस्कृति के कारण छोटे एवं मझोले व्यापारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इससे खुदरा व्यापार और पारंपरिक डिस्ट्रीब्यूशन व्यवस्था समाप्त होने की कगार पर पहुंच रही है। पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के महामंत्री नरेंद्र धनवानी ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में आज गुरुवार को व्यापार महासंघ एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सांकेतिक फांसी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धरने में संगठन के अध्यक्ष मनोज जैन, संरक्षक मुकेश पटेल, उपाध्यक्ष हेमंत जैन, कार्यालय मंत्री नितेश दांगी, कोषाध्यक्ष अजय अनिल नेमा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

### करारिया लश्करपुर में 20 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**विदिशा।** ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर में 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने का आह्वान किया। सरपंच शशि जादौन ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, अंकित दुबे, धन्नालाल अहिरवार, श्यामवीर सिंह राजपूत, महेंद्र प्रताप सिंह जादौन सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

# सीएमएचओ ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की, हाई रिस्क गर्भवतियों पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर



ग्यारसपुर के आजीविका मिशन भवन में सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. अहिरवार सहित बीपीएम, बीसीएम, सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सीएमएचओ ने क्षेत्रवार गर्भवती महिलाओं की अद्यतन जानकारी लेते हुए हाई रिस्क गर्भवतियों की संख्या, प्रबंधन और देखरेख की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित हाई रिस्क गर्भवतियों को प्रसव तिथि से सात दिन पूर्व बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया जाए तथा समय पर 108 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकी जा सके। परिवार नियोजन कार्यक्रम, आशा डायरी और कार्य प्रोटोकॉल की भी समीक्षा की गई। निष्क्रिय आशाओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही संभावित प्रसव वाली गर्भवतियों से नियमित संपर्क, शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव और नवजातों की एचबीएनसी, एचबीसीडी जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

---

### आधार ऑपरेटर ब्लैकलिस्ट, मशीन जब्त

**ग्यारसपुर।** आधार केंद्र पर छात्रा से आधार अपडेट के नाम पर 700 रुपए की अवैध वसूली मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत प्राप्त होने पर प्रशासन ने तत्परता से जांच कर कार्रवाई की। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित आधार ऑपरेटर शुभम दुबे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने आधार केंद्र की मशीन जब्त कर केंद्र को तत्काल बंद करा दिया। साथ ही विभागीय स्तर से मशीन को डी-एसोसिएट करते हुए ऑपरेटर को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आधार सेवाओं के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या अतिरिक्त शुल्क वसूली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी आधार केंद्र पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगी जाए या अन्य अनियमितता दिखे तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें।

---

# 41 लाख की लागत, सीसी सड़क का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में 41 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधिवत भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, पार्षद राखी हिमांशु राजोरिया, पार्षद लता मोतियानी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। भूमिपूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि नगर पालिका विदिशा शहर के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि पटेल गार्डन से आरटीओ मार्ग होते हुए डंडापुरा क्षेत्र तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

उन्होंने शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में जनभागीदारी को आवश्यक बताते हुए नागरिकों से सहयोग की अपील की। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

---

# आशा-उषा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिलेभर की आशा-उषा कार्यकर्ता बुधवार को एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंची और रैली निकालकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला, जिससे परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकांश कार्य उनसे कराए जाते हैं, लेकिन भुगतान में लापरवाही बरती जा रही है। अन्य समस्याओं के समाधान की मांग भी ज्ञापन में की गई।

---

# नगरपालिका ने बस स्टैंड क्षेत्र से फल और सब्जी के ठेले हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के बस स्टैंड क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी के बाहर नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लगे फल-सब्जी के ठेलों को हटवाया।



अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई एसडीएम के निर्देश पर की गई, ताकि मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित न हो और आम लोगों को सुगम आवागमन मिल सके। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका अमले ने ठेला संचालकों को समझाइश देते हुए निर्धारित स्थान पर ही व्यवसाय करने के निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण को तत्काल हटाया गया, जबकि दोबारा सड़क पर ठेला लगाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। नगर पालिका का कहना है कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने भी मार्ग साफ होने से राहत महसूस की है।

---

# विधायक मीणा ने किया 65 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद




विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने ग्राम भियांखेड़ी और बांसखोह में कुल 65 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रीय विकास को नई दिशा दी। भियांखेड़ी में 20 लाख रुपए से हाई स्कूल की बाउंड्रीवॉल तथा 25 लाख रुपये से सामुदायिक भवन का निर्माण होगा,। वहीं बांसखोह में 19 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक शाला भवन बनाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री मीणा ने कहा कि उनका लक्ष्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में शिक्षा, सड़क, भवन और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के तेज़ी से हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि मजबूत गांव ही विकसित भारत की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में सरपंच कालूराम मीणा, यशपाल रघुवंशी, प्रहलाद कुशवाह, मनमोहन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

### केंद्रीय बजट-2026 को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता

# केंद्रीय बजट बेहतर बताने विदिशा आईं कृष्णा गौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट-2026 को लेकर पत्रकार वार्ता की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समग्र भारत के चौतरफा विकास का बजट प्रस्तुत किया गया है। यह बजट देश की जनता के प्रति सरकार के कर्तव्यों को पूरा करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके माध्यम से केंद्र सरकार 240 कल्याणकारी योजनाओं के जरिए देश की 145 करोड़ जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के पुराने वैभव को पुनः स्थापित कर देश को विश्वगुरु बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रहे हैं। भारत प्राचीन काल से ज्ञान, व्यापार और संस्कृति में अग्रणी रहा है तथा आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान बना चुका है।

#### भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

कृष्णा गौर ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। श्रीमती गौर ने कहा सीमित संसाधनों और विशाल जनसंख्या के बावजूद भारत विकसित देशों से सीधा मुकाबला कर रहा है। वर्ष 2013 में देश का बजट 16.65 लाख करोड़ रुपये था, जो 2014 में बढ़कर 17.95 लाख करोड़ हुआ और वर्तमान में 53.50 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह बजट राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। पत्रकारवार्ता में विधायक मुकेश टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6300
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5782
मसूर
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-6301
तुअर
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6240
मक्का
न्यूनतम भाव-1170
उच्चतम भाव-1600
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2862
उच्चतम भाव-3450
धान
न्यूनतम भाव-1701
उच्चतम भाव-4250
बटरी
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3400
उड़द
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6805
गेहूं
न्यूनतम भाव -22260
उच्चतम भाव- 3205
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4900
ज्वार
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 9905 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### पर्वत सिंह शिल्पकार का निधन



गंजबासौदा। नन्नू सिंह शिल्पकार, रमेश शिल्पकार के छोटे भाई, राजेश शिल्पकार के बड़े भाई, शैलेंद्र एवं महेंद्र के पिता एवं संतोष, योगेश, भूपेन्द्र , नयनदीप के चाचा पर्वत सिंह शिल्पकार का बीती रात एक दुर्घटलना में निधन हो गया। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम फूफैर में किया गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों एवं नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्री शिल्पकार के निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त कर दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम उदयपुर निवासी 47 वर्षीय धनसिंह अहिरवार नामक व्यक्ति की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव सडक किनारे पडा मिला, जिससे उनकी मौत किसी वाहन की टक्कर से मानी जा रही है। पुलिस ने शव बरामद कर परीक्षण कराया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# चाचा ने किया सगी नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




गंजबासौदा शहर थाने से करीब 12 किलोमीटर दूर एक गांव में सगे चाचा द्वारा अपनी 10 वर्षीय नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि बालिका को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 9 बजे यह घटना हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग के पिता का कुछ समय पूर्व एक्सीडेंट हो गया था और वह भोपाल में उपचार के लिए भर्ती हैं। नाबालिग की मां भी उसके पिता के पास भोपाल में ही थी। जबकि गांव में नाबालिग अपने एक छोटे भाई और एक बडे भाई के साथ थी। मंगलवार की रात करीब 9 बजे नाबालिग अपने भाइयों के साथ घर में अकेली थी और उसके चाचा का घर उसके घर के सामने ही है। नाबालिग अपने चाचा को खाना देने उनके घर गई तो चाचा उसे घर से बाहर झाडियों में ले गया। जहां नाबालिग के साथ उसने दुष्कर्म किया। इस बीच जब काफी देर तक नाबालिग वापस नहीं आई तो उसके 12 वर्षीय भाई ने जब चाचा के घर और पास की झाडियों में तलाशा तो उसे चाचा अपनी बहन के साथ दुष्कर्म करते नजर आया। जिस पर भाई ने पडोसियों को जानकारी देकर बुलाया, लेकिन तब तक चाचा वहां से भाग निकला। जिसके बाद पडोसियों ने रात करीब 11 बजे पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। साथ ही नाबालिग को पुलिस ने उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे उच्च उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। उधर सूचना मिलते ही नाबालिग की मां भी भोपाल से विदिशा जिला चिकित्सालय पहुंच गई। इस मामले में पुलिस ने देर रात आरोपी चाचा को भी गिरफ्तार कर लिया है।



इस संबंध में ए स डी ओ पी शिखा भलावी ने बताया कि दुष्कर्म का मामला आरोपी पर दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और उसकी शादी भी हो चुकी थी, लेकिन नशे में पत्नी से मारपीट करने के कारण उसकी पत्नी भी उसे छोडकर चली गई थी। इस कारण आरोपी अपने घर में अकेला ही रहता था। फिलहाल आरोपी अब पुलिस हिरासत में है।

## नगर पालिका द्वारा लगातार चलाया जा रहा है जन जागरूकता अभियान

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने नागरिकों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर पालिका परिषद गंज बासौदा द्वारा "सिंगल यूज़ प्लास्टिक को ना कहें" विषय पर नगर में लगातार एवं चरणबद्ध रूप से जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को भी नगर के रेलवे स्टेशन, सब्जी मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने के लिए जन जागरण किया गया और नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई।

यहां उल्लेखनीय है कि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव और परिषद के सदस्यों के मार्गदर्शन में नगर में स्वच्छता अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। इसी के तहत पिछले वर्षों में नपा की स्वच्छता रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध भी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी को दृष्टि में रखते हुए नगर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाना है। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से सब्जी मंडी, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्कूल परिसर, बाजार क्षेत्र एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों एवं दुकानदारों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही शॉपिंग के दौरान प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैलों के उपयोग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण में उपस्थित नागरिकों एवं दुकानदारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की शपथ भी दिलाई गई, जिससे स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। नपा के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक से होने वाली बीमारियाँ एवं पर्यावरणीय क्षति भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकती हैं। आवरण सोसाइटी के अभिषेक शर्मा द्वारा अभियान के उद्देश्य, नागरिक सहभागिता के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वच्छ आदतों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम नगर पालिका के अधिकारियों के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी रविप्रकाश श्रीवास्तव, स्वच्छता नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह चौहान, स्वच्छता प्रभारी सहज तेनगुरिया एवं वॉर्ड क्रमांक 2 के पार्षद जगदीश व्यास की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर पालिका परिषद द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंकिंग एवं स्वच्छ शहर निर्माण के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# खेल महोत्सव के समापन पर खिलाड़ियों को किया पुरस्कार वितरण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव का लोक सभा स्तर पर समापन हुआ। जिसमें खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन गत दिवस रायसेन के खेल और युवा कल्याण परिसर में आयोजित कराया गया था जिसमें बासौदा विधानसभा के विजेता कबड्डी महिला एवं पुरुष वर्ग में प्रथम को 1.5 लाख एवं द्वितीय को 1-1 लाख एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 50-50 हजार रुपए कुल मिलाकर तीनों टीमों को 6 लाख रूपए एवं ट्रॉफी एवं क्रिकेट पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर कुल 3 लाख रुपए एवं ट्रॉफी, साथ ही लोकसभा स्तर पर कबड्डी बालिका वर्ग शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के इंडोर गेम्स हाल टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2.5 लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदाय की गई। इस प्रकार बासौदा विधानसभा को कुल टोटल खिलाड़ियों द्वारा नगद प्राप्त राशि 11.5 लाख रुपए एवं ट्राफियां प्राप्त हुए। लोक सभा स्तर पर यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायसेन द्वारा जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी द्वारा आयोजित कराया गया। जिसमें केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रविंद्र जडेजा, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन सहित समस्त मंचासीन अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जबकि विधानसभा स्तर पर यह आयोजन जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत के नेतृत्व में बासौदा में आयोजित किया गया था वही ग्राम पंचायत स्तर से मंडल स्तर पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन खेल विभाग की ब्लॉक समन्वयक नूरजहां मंसूरी के नेतृत्व में समस्त बासौदा के मंडल अध्यक्ष द्वारा कराया गया था। पुरस्कार प्राप्त करने पर बासौदा विधायक, विद्यालय प्राचार्य, समस्त मंडल अध्यक्ष, त्योंदा प्राचार्य एवं सभी खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को बासौदा विधानसभा का नाम रोशन करने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं एवं भविष्य में ऐसे आयोजन कराने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की बात कही गई।

# तड़के हुई रिमझिम बारिश, फसलों को न हुआ नुकसान न पहुंचा फायदा, अब 9 फरवरी तक तापमान में बनी रहेगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार को नगर में मामूली बूंदाबांदी के बाद बुधवार की तडके भी नगर सहित आसपास के क्षेत्र में कुछ समय तक हल्की बौछारें पडीं। हांलाकि यह बारिश ज्यादा नहीं हुई और इससे न तो फसलों को कुछ लाभ पहुंचा है और न ही नुकसान, लेकिन बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने और दिन भर बादल छाए रहने से इलाके भर में सर्दी और ठिठुरन बनी रही। जिससे लोगों को दिन में भी मफलर, टोप और गर्म कपडे पहनकर निकलना पडा। ज्ञात हो कि मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने गत 27 जनवरी को बारिश के बाद 3 और 4 फरवरी को भी मावठा बरसने के संकेत दिए थे। जिससे कुछ किसान मावठे की अच्छी बारिश की उम्मीद लगा रहे थे, तो कुछ किसानों को बारिश की संभावना से चिंता सताने लगी थी। इस बीच सोमवार से ही आसमान पर बादल गहराने लगे थे और उनसे सोमवार मंगलवार की रात नगर सहित आसपास के कुछ क्षेत्रों में मामूली बूंदाबांदी हो गई थी। जिसके बाद दिन भर बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। वहीं इन बादलों से मंगलवार की रात में और बुधवार की तडके रूक रूककर हल्की बूंदाबांदी होती रही, लेकिन उम्मीद के अनुरूप मावठे की बारिश नहीं हुई। इसके बाद दिन भर आसमान पर बादल छाए रहे और सर्द हवाओं के चलते तापमान में गिरावट बनी रही। जिससे लोगों को दिन में भी ठिठुरन का अहसास होता रहा। उधर मावठे की तेज बारिश न होने से न तो फसलों को कोई लाभ पहुंचा है और न ही नुकसान। दूसरी ओर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब मौसम साफ रहने और आगामी दिनो में तापमान में गिरावट बनी रहने के संकेत दिए हैं। वेबसाइटों के अनुसार अब गुरूवार 5 फरवरी से आगामी 9 फरवरी तक इलाके का न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियश और अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियश तक बना रह सकता है। इसके बाद तापमान में दिन प्रतिदिन धीरे धीरे वृद्धि होने के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं।

### गरीब की मदद करना सबसे बड़ी पूजा है : तिवारी

**गढाकोटा।** तिलक वार्ड के प्रभारी शालू रजक ने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी को जानकारी प्रदान कि तिलक वार्ड में अत्यंत एक गरीब परिवार है जिस परिवार में महरून खान 75 वर्ष की वृध्द माता जिनकी 20 माह की पेंशन केवाईसी समस्या के कारण रूकी हुई थी तो मैनें तत्काल प्रभाव से स्टैट बैंक के मैनेजर से बात करके समस्या का निराकरण कराया उन्होंने तत्काल प्रभाव से वृध्द माता को जो सहयोग प्रदान किया उसके लिए हम सभी उनका धन्यवाद प्रकट करते है। इस गरीब परिवार में वृध्द मां के अलावा उनके 80 वर्ष के पति महबूब खान भी रहते है । जो एक समय ट्रेलर थे और अब वृध्दावस्था के कारण कोई कार्य करने में असमर्थ है दो पुत्र है जिनमें से एक पुत्र अन्नी खान विकलांग है और एक पुत्र आजाद खान विकलांग के साथ साथ मानसिक रोगी है, पति पत्नि अपनी पेंशन के बल पर ही पूरे परिवार का जीवन यापन चलाते है। तो परिवार में पहुंचकर सम्पूर्ण राशन सामग्री,सब्जी और वृध्द माताराम को उनकी 20 माह की पेंशन 10 हजार रूपए की राशि प्रदान की। हम समाज के हर व्यक्ति से यहीं विनम्र आग्रह करते है कि आप भी अपने सामर्थ्य अनुसार ऐसे परिवारों की मदद करने के लिए अवश्य आगें आए क्योंकि गरीब की मदद करना सबसे बड़ी पूजा है, क्योंकि भूखे को भोजन देना भगवान को प्रसन्न करने के बराबर है।

## सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय का एनएसएस शिविर आयोजित हो रहा है ग्राम गंज में

# स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को किया स्वच्छता के प्रति जागरुक







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम गंज में 30 जनवरी से 05 फ़रवरी तक लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ . अनामिका प्रजापति के सफल निर्देशन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के पंचम दिवस का प्रारंभ गाँव में प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा योगाभ्यास और प्राणायाम किया गया। उसके बाद सभी स्वयंसेवकों को परेड का अभ्यास करवाया गया। परियोजना कार्य में सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम गंज की साफ सफाई की व गाँव वालो को सफाई ,स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शिविर के पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश रघुवंशी, विशेष अतिथि त्रिलोक रघुवंशी तथा शुभम रघुवंशी, रौनक रघुवंशी एवं अमित जैन की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात शिविर दर्पण का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि मुकेश रघुवंशी ने स्वयं सेवकों को विधिक साक्षरता का ज्ञान दिया और छात्राओं के साथ अपने एनएसएस एनसीसी के अनुभव साक्षा किए। अमित जैन ने साइबर सुरक्षा साइबर सिक्योरिटी से संबंधित जानकारी प्रदान की। स्वयं सेवक सानिया ने नृत्य की प्रस्तुति दी। विशेष शिविर की नायिका सहिवा पठान रही। कार्यक्रम का संचालन उन्नति मालवीय, मोनिका अहिरवार ने किया। आभार व्यक्त एनएसएस अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा किया गया।

# नवागत एसडीएम अनुभा जैन ने किया उपजेल का निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नवागत एसडीएम अनुभा जैन ने बुधवार को नगर के उपजेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदीगृह, परिसर सहित डिस्पेंसरी, तकनीकी शाखा, भोजन शाला, टॉयलेट आदि का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही साफ सफाई व्यवस्था की सराहना भी की। साथ ही कैदियों से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उपजेल के कैदियों को पर्यावरण एवं प्रकृति से जोडने के लिए उपजेल में बागवानी लगाने और नियमित योग कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए। अपने निरीक्षण में उन्होने पाया कि कैदियों को समय पर और गुणवत्तायुक्त भोजन मिल रहा है। जेल में 130 कैदियों की क्षमता है और वर्तमान में वहां 103 कैदी निरूद्ध हैं। इस मौके पर जेलर आलोक भार्गव भी मौजूद रहे। यहां उल्लेखनीय है कि उपजेल में समय समय पर निरीक्षण होता रहता है।

## समाज में समरसता, सशक्तिकरण बनाए रखने के लिए मानव अधिकार आयोग का प्रथम कर्तव्य

# मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन समन्वय से कार्य करें: अवधेश प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समाज में समरसता, सशक्तिकरण बनाए रखने के लिए मानव अधिकार आयोग का प्रथम कर्तव्य है और इसके लिए लगातार सभी जिलाधिकारी लगातार कार्य करें साथ में, मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन समन्वय से कार्य करें। उक्त निर्देश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने सागर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में दिए। इस अवसर पर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, नगर निगम उपायुक्त एस एस बघेल एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि मानव अधिकारों से संबंधित सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे एवं किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए भी लगातार मॉनिटर रखें और संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन करें एवं राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण भी किया जाए जिससे कि हितग्राहियों द्वारा मांगी गई राजस्व की नकल को समय सीमा में प्रदान किया जा सके।मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए नगर निगम, जिला प्रशासन लगातार कार्य करें एवं कुआं, हैंडपंप, पानी की टंकी सहित अन्य पेयजल के स्त्रोतों की साफ सफाई लगातार की जावे, कहीं भी लीकेज न हो इसके भी विशेष प्रयास किया जावे, लीकेज होने पर पानी दूषित होता है और इसी से बीमारियां बढ़ती हैं। उन्होंने समाज को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों का संरक्षण करना मानवाधिकार आयोग का प्रमुख कर्तव्य है इसके लिए लगातार कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज में समस्त सशक्तिकरण के लिए मानव अधिकार आयोग के द्वारा लगातार सुनिश्चितता रखनी चाहिए एवं यह अधिकार हमारे संविधान में गारंटी रूप में प्रदान किया गया है। उन्होंने डॉगबाइट के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सजग सतर्क रहकर कार्य करें और मानव अधिकारों को सशक्त बनाएं। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग के की स्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।



# शिक्षा विभाग के बाबू का नहर में मिला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के इमलानी रोड स्थित नहर में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकालकर शव को पीएम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा। मिली जानकारी अनुसार उक्त शव शिक्षा विभाग में पदस्थ बाबू राम कुमार साहू का है। जो कि वर्तमान में हाई स्कूल कस्बाताल में पदस्थ है। पुलिस ने जब नहर से शव को निकाला तो शव अकडा हुआ था। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत रात्रि के समय हुई। वहीं पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा।




## शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति जरूरी: राकेश

**खुरई।** नगर के तक्षशिला कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार डॉ. राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि शहरी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह, संकुल प्राचार्य एचएन जिझौतिया एवं स्कूल संचालक संजय दुबे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने यूपी वाला ठुमका, बुंदेली लोकगीत, तुम चले रामचंद्र रे, चांद वाला मुखड़ा और खम्मा घणी जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। मंच पर बच्चे आत्मविश्वास और कला में पारंगत दिखे। स्कूल संचालक संजय दुबे ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। छात्र जीवन से ही नियमों पालन की आदत जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

# किसी भी युग में ब्राह्मणों का अपमान हुआ है विनाशकारी साबित : प्रेमभूषण महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



ब्राह्मणों का आवेश करोड़ों कुलों का नाश कर देता है। इनका अपमान करने का परिणाम प्रतापी राजा प्रताप भानु ने देखा था। ब्राह्मणों का अपमान कभी भी नहीं होना चाहिए। रामजी भी वाल्मीकि मुनि से यही कहते हैं कि हमारे रहने से किसी साधु, संत, तपस्वी को क्लेश ना हो ऐसा स्थान बताइए जहां मैं जाकर रहूं। मनुष्य रूप में आए भगवान ने धरती पर ब्राह्मणों का इतना मान रखा तो आज भी इसका पालन अवश्य किया जाना चाहिए, इसी में हमारा और जगत का कल्याण है।

उक्त बातें रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के पांचवें सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। कथा श्रवण हेतु आज म.प्र शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, अनेक विधायक, पूर्व विधायक, सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेताओं का आगमन हुआ। कथा आयोजन में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 फरवरी को तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 5 फरवरी को शामिल होंगे।

सरसश्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज ने पूर्वमंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा के क्रम में भगवान की मंगल वन यात्रा के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्री राम को बताया है कि जिसके पांव अनायास ही तीर्थ यात्रा में पहुंच जाएं, आप उनके मन में निवास करते हैं। श्री राम जी की कथा त्याग की कथा है।

## बोर्ड परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं शुरू

**सिरोंज।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में 10वीं-12वी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्राचार्य भावना दांगी ने बताया कॉलेज में कुशल इंजीनियर्स और अनुभवी व्याख्याताओ द्वारा कक्षा 10वीं,12वी के विद्यार्थियों को एमपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा के लिए सभी विषयों में 5 फरवरी से दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक संस्था में मार्गदर्शन देंगे।

## स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित किए

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के पात्र आवेदन करें।

## कांग्रेस कमेटी ने मनाया

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कांग्रेस परिवार द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के जन्मदिन के उपलक्ष में टॉकीज चौराहे पर स्थित सहयोग संस्था पर गरीबों एवं निसहाय लोगों को भोजन वितरण कर मनाया। साथ ही ईश्वर उन्हें राजनीतिक जीवन में निरंतर प्रगति और ऊंचाई पर पहुंचाए ऐसी कामना की। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेफु गौरी,वरिष्ठ नेता भारतदीप मेहता आदि उपस्थित रहे।

# ओशो की जन्म स्थली ग्राम कुचवाड़ा पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल, किया ध्यान

## अब जन्म स्थल बनेगा आदर्श ग्राम पुरातत्व विभाग करेगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

आचार्य रजनीश ओशो का जन्म उदयपुरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुचवाड़ा में अपनी ननिहाल के तारण तरण परिवार में हुआ था। जन्म स्थान कुचवाड़ा कर्म स्थली गाडरवारा और जबलपुर में शिक्षा प्राप्त की अपनी विलक्षण तर्क शक्ति और ग्रंथों का अध्ययन कर अपने प्रवचनों विचारों से देश दुनिया को प्रभावित कर लाखों भक्तों का आचार्य रजनीश ने संसार खड़ा करने के साथ ओशो के रूप में विश्व विख्यात हो गए।

### कुचवाड़ा की बदलेगी दशा दिशा

ओशो के भक्तों द्वारा ग्राम कुचवाड़ा के जन्मस्थली वाले मकान को खरीद कर उसी रूप में संवारने के साथ ध्यान केंद्र का निर्माण किया गया फोर लाइन 45 बटेरा जोड़ से ग्राम कुचवाड़ा लगभग 10 किलोमीटर दूर विंध्य पर्वत की तलहटी में बसा कृषि प्रधान ग्राम है पिछले दिनों कथा व्यास मुरारी बापू ग्राम कुचवाड़ा पहुंचे थे।

सोमवार को प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल ग्राम कुचवाड़ा पहुंचे उन्होंने ध्यान लगाया और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब वह दर्शन शास्त्र के छात्र थे तब आचार्य रजनीश दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर थे। पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव से कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद कुचवाड़ा को आदर्श पर्यटक ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा विशेषज्ञों की टीम भेज कर डीपीआर तैयार की जाएगी।

ग्रामीणों की सहमति से ग्राम के सभी घरों की एक समान कलर कोटिंग कर सुंदर बनाया जाएगा मंत्री पटेल के अनुसार शीघ्र ही ओशो की जन्मस्थली ग्राम कुचवाड़ा की दशा और दिशा बदलने के साथ पर्यटन स्थल के रूप में देश दुनिया के नक्शे पर स्थान प्राप्त करेगा।




# पीएमश्री शास. कन्या हायर सेकंडरी में विशेषज्ञ से चर्चा कार्यक्रम आयोजित

## सबसे सस्ते समाचार पत्र में ज्ञान जानकारियों का भंडार, अवश्य पढ़ें: पत्रकार बिदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




पीएमश्री शासकीय कन्या हा.से. में विषय विशेषज्ञ से चर्चा कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने देश में सबसे पहले प्रकाशित हुए समाचार पत्र बंगाल गजट से वर्तमान तक पत्रकारिता की यात्रा का विस्तार से वर्णन करते हुए, कहा कि सबसे कम कीमत मात्र 4-5 रू में मिलने वाले अखवार में आपके आसपास के साथ देश, दुनिया और सभी वर्ग के पाठकों के लिए ज्ञान का भंडार और विस्तार से जानकारियां प्रतिदिन मिलती है।

श्री बिदुआ ने छात्राओं से प्रतिदिन समय निकाल कर समाचार पत्र पढने और अपना सामान्य ज्ञान बढ़ाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में कन्या हा.से. के शिक्षक सन्तोष गौतम ने विषय की भूमिका पर चर्चा करते हुए समाचार पत्र के महत्व, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ के पत्रकारिता, समाजसेवा क्षेत्र में सक्रियता की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यालय के रामकुमार ठाकुर एवं पूर्व योग शिक्षक राजेन्द्र बिदुआ, कमलेश पारासर इत्यादि की विशेष उपस्थिति रही।

### सरकार व जनता के बीच अखबार दर्पण

वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने कहा कि सरकार की विभिन्न नितियां, योजनाएं, कार्यक्रमों, कानूनों की जानकारियां आमजन तक पहुंचाने का माध्यम अखवार है। तो आमजन की समस्याएं शासन और अधिकारियों तक पहुंचाने का माध्यम भी अखवार है। कहा कि अखवार दर्पण का कार्य करता है। इसी के साथ पाठकों को अपने रुचि के अनुसार जानकारियां भी प्राप्त होती है। पत्रकार बिदुआ ने समाचार प्रकाशन से पाठकों के हाथों तक पहुंचाने वाले अखवार की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। अन्त में शिक्षक सन्तोष गौतम ने आभार व्यक्त किया।

# रहली में नगर परिषद अध्यक्ष देवराज सोनी के नेतृत्व में सफाई अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के मानकों पर खरा उतरने और नगर को सुंदर बनाने के लिए रहली नगरपालिका पूरी तरह से एक्शन मोड में है। नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी के निर्देशन में और सीएमओ धनंजय गुमास्ता के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का उद्देश्य न केवल गंदगी को साफ करना है, बल्कि रहली को स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर लाना है।

### वार्डों में पहुंच रही टीमें, दिख रहा असर

नगरपालिका की टीमें सुबह से ही सक्रिय होकर अलग-अलग वार्डों की गलियों और मुख्य मार्गों की सफाई कर रही हैं। सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश हैं कि नगर का कोई भी कोना कचरे से अटा न रहे। उन्होंने जानकारी दी कि यह अभियान लगातार जारी है और कचरा संग्रहण के साथ-साथ नालियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### प्लास्टिक मुक्त नगर का संकल्प

सफाई अभियान के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। सफाई अमले द्वारा घर-घर जाकर लोगों को निम्नलिखित बातों के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक का त्यागः प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत किया जा रहा है।

कचरे का सही वर्गीकरण करने की समझाइश दी जा रही है। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे कचरा डस्टबिन में ही डालें और सड़कों पर गंदगी न फैलाएं। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम चाहते हैं कि रहली स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना परचम लहराए, और इसके लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है,हम पहले भी प्रदेश में स्थान बना चुके हे,इस बर्ष भी प्रथम आने प्रयासरत है।

## पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने 15 वर्ष पूर्व की थी स्टेडियम की घोषणा

# राज्यमंत्री पटेल की पहल, मुख्यमंत्री की घोषणा पर कार्रवाई

## कॉलेज की 6 एकड़ भूमि पर 2.37 करोड़ की लागत से होगा मिनि स्टेडियम निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

2013 में बरेली आए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मिनि स्टेडियम की घोषणा की थी। वर्षो तक भूमि के लिए मिनि स्टेडियम का निर्माण रूका रहा, पिछले वर्ष जून में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पहली बार नगर आगमन हुआ तो क्षेत्र के विद्यायक एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्टेडियम निर्माण की मांग रखी।

मिनि स्टेडियम के लिए 2 करोड़ 37 लाख की राशि स्वीकृत होने के साथ निविदा प्रक्रिया शुरु हो जाने से 1-2 वर्ष में स्टेडियम निर्माण हो जाने से नगर एवं क्षेत्र के छात्र, युवा खिलाडि़यों को विभिन्न खेलों के अभ्यास और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की सुविधा प्राप्त होने की संभावना है।



### नगर में सिर्फ एक खेल मैदान

विश्राम ग्रह के पास दशकों से दशहरा, हॉकी मैदान में खेल प्रतियोगिताएं होने के साथ खिलाड़ी अभ्यास करते है।

मैदान अत्याधिक छोटा और दर्शकों को बैठने छाया की व्यवस्था न होने से घण्टों खड़े होकर खेल देखना मजबूरी बना रहता है। नगर में लगभग एक दर्जन सरकारी और प्राइवेट हा.से. कॉलेज संचालित होने से हजारों छात्र-छात्राएं अध्यन करते है।

सिर्फ बालक हा.से. को छोड़ कर अधिकांश शिक्षण संस्थाओं में खेल मैदान और खेल गतिविधियों की कमी बनी रहती है। मिनि स्टेडियम निर्माण हो जाने से खेल सुविधाएं छात्रों, युवाओं को प्राप्त होगी।

### तीन करोड़ स्वीकृत

मिनि स्टेडियम निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी गई है। ठेकेदार से अनुबंध के बाद निर्माण शुरु होगा। स्टेडियम निर्माण के लिए लगभग 3 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

- **जलज चतुर्वेदी,** जिला खेल अधिकारी।

### खिलाड़ियों को सुविधा

मिनी स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया प्रांरभ हो गई है। क्षेत्र के खिलाडि़यों को सुविधा मिलेगी मेरी एवं जनता की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार।

- **नरेन्द्र शिवाजी पटेल,** विद्यायक एवं राज्यमंत्री।

# मुख्य मार्गों के किनारे मैरिज गार्डन की भरमार, सड़कों पर लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

विवाह बारातों का दौर शुरु हो गया है। पिपरिया मार्ग, उदयपुरा मार्ग, पुराने हाइवे 12 मार्ग, छींद किनगी रोड के किनारे स्थित एक दर्जन से अधिक मैरिज गार्डनों में विवाह स्वरुचि भोज और बारातों के लगते समय जाम लगने कि स्थिति का सामना वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ी समस्या, परेशानियों का कारण बनती है।

पिपरिया मार्ग, उदयपुरा मार्ग और फोरलेन 45, ग्राम धोखेड़ा इत्यादि में अधिकांश मैरिज गार्डन संचालित हो रहे है। मैरिज गार्डन संचालन के नियमों की अनदेखी बिना अनुमति संचालित हो रहे मैरिज गार्डनों में भीड़भाड़ के नियत्रण, अग्निसमन यन्त्रों, सुरक्षा उपायों की अनदेखी से घटना दुर्घटना की संम्भावना बनी रहती है। कुछ मैरिज गार्डन के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था तो है। परन्तु वाहनों की भारी संख्या के कारण मुख्य सडक़ों के किनारों पर वाहन पार्किंग किये जाने से रात के समय हमेशा घण्टों जाम लगने की भारी परेशानियों भरी स्थिति बनी रहती है।




### कार्यवाही हो तो सुधरे हालात

दिनों-दिन नगर में मैरिज गार्डन की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण भी अब सुविधा पूर्ण ठंग से विवाह कार्यक्रमों के लिए नगर के मैरिज गार्डन किराये पर ले रहे है। एक दिन में अनेक कार्यक्रम एक मार्ग पर बने मैरिज गार्डनों में होने से प्रमुख मार्गो पर असुरक्षित, अव्यवस्थित यातायात कभी बड़ी घटना-दुर्घटना का कारण बन सकता है।


## सोमेश्वर समिति द्वारा निकाली जाएगी भव्य त्रिशूल शोभायात्रा, होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

# महाशिवरात्रि पर्व पर दुर्ग पर स्थित 'सोमेश्वर धाम' में लगेगा विशाल मेला, अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

महाशिवरात्रि पर्व पर किले स्थित प्राचीन सोमेश्वर धाम महादेव मंदिर में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला सक्रिय नजर आया। मंगलवार को कुलदीप सिंह, एसडीएम मनीष शर्मा, कुलदीप सिंह, तहसीलदार भरत सिंह मांडले, पुलिस अधिकारी सहित सीएमओ सुरेखा जाटव, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन, सोमेश्वर धाम मेला समिति अध्यक्ष विनोद कुशवाह, श्री हिउस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, गौरव (भोला) चौबे आदि ने किले पर पहुंचे और मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दर्शनार्थियों की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन





को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम मनीष शर्मा ने कहा कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सोमेश्वर धाम पहुंचते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, शौचालय, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद द्वारा मेला क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की व्यवस्था, साफ सफाई,अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की बात कही गई। साथ ही दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग, मार्ग संकेतक और आवश्यक स्थानों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने पर जोर दिया गया।

फलाहार वितरण करने वाली समितियों श्री हिंदू उत्सव समिति, जय बाबा बर्फानी, अमरनाथ सेवा समिति मां वैष्णोदेवी समिति सहित कई समाजसेवियों से भी चर्चा की गई और उन्हें निर्धारित स्थानों पर ही वितरण करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा भीड़ न बढ़ने देने के निर्देश दिए गए। सोमेश्वर धाम मेला समिति के प्रमुख विनोद कुशवाहा, सदस्यों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रशासन के अफसरों का कहना है कि महाशिवरात्रि पर्व के मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे।

सोमेश्वर धाम मेला समिति अध्यक्ष विनोद कुशवाह ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि पर्व पर रायसेन किले मेला में एक दो रोज पहले जोरदार लाइटिंग की जाएगी। सुंदरकांड पाठ, शिव भजन मंडलियों रात्रि जागरण होगा।

15 फ़रवरी महाशिवरात्रि सुबह भगवान का सोमेश्वर का शिव अभिषेक आरती होगी। समिति की ओर से शिवभक्तों को फलाहार वितरण किया जाएगा। सोमेश्वर धाम मेला समिति द्वारा शहर के सिद्ध दादाजी धाम गंजबाजार से ढोलनगाड़ों के त्रिशूल झंडा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली जाएगी। जो रायसेन किले पर पहुंचेगी।

## अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से अभी तक मिले सिर्फ कोरे आश्वासन

# कॉलोनाइजर से प्लॉट खरीदना पड़ा महंगा अब मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के वार्ड 9 स्थित मिश्र तालाब के समीप बनी कॉलोनियां मूलभूत सुविधाओं से परे हैं। यहां निवास कर रहे सैकड़ों लोगों द्वारा कॉलोनाइजर से गुजारिश करने के बाद भी उन्हें सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।


सपनों का आशियाना बसाने के लिए कॉलोनाइजरों से प्लॉट खरीदने वाले सैकड़ों गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। शहर के आसपास विकसित की जा रही कई अवैध और अर्द्ध विकसित कॉलोनियों में न तो पक्की सड़क है, न बिजली की लाइन और न ही पीने के पानी की व्यवस्था। कॉलोनी बसाने से पहले किए वादे आज कागजों तक ही सिमटकर रह गए हैं।

प्लॉट खरीदते समय कालोनाइजर ने सड़क, बिजली, पानी, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया था। अब हालात यह हैं कि बरसात में कच्चे रास्ते दलदल बन जाते हैं और गर्मियों में पानी के लिए दूर-दराज भटकना पड़ता है।

रहवासी राजेश पाल, सुरेश बघेल ने बताया कि फिलहाल हालात यह बने हुए हैं कि घरों के आसपास जल निकासी के अभाव में गंदा पानी आम रास्ते और मकानों



### रहवासियों ने बताईं समस्याएं- नहीं मिल रही कोई सुविधा



जब नगर पालिका परिषद हमारी कॉलोनी को अवैध बता रही है तो फिर प्रापर्टी जलकर आदि टैक्स क्यों हर महीने वसूल रही है। यह गलत है नपा के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा तमाम कर पूरा वसूल रहे हैं तो मूलभूत सुविधाओं से मुंह क्यों फेर रहे हैं।

**- घनश्याम दास वर्मा,** रिटायर्ड पटवारी



हमारे घर के सामने नाली नहीं बनी है। घर में गंदा पानी घुसता है। इसीलिए मजबूरी में मजदूरों से नाली निर्माण करवा रहे हैं।

**- गुड्डी बाई,** गृहिणी

के आसपास जमा हुआ है। जिससे मच्छर मक्खियों की तादात दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ रही है।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि बिजली कनेक्शन नहीं होने के कारण अस्थायी तारों के सहारे काम चलाया जा रहा है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। वहीं पानी के लिए निजी बोर या टैंकर ही एकमात्र सहारा हैं। कई परिवार मकान बनवाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में वहां शिफ्ट नहीं हो पा रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार कालोनाइजर और प्लॉट विक्रेता किसान से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार सिर्फ कोरे आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। कुछ कॉलोनाइजर तो अब फोन तक उठाना बंद कर चुके हैं। लोगों ने नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन सहित कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत भी कर कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

अवैध कालोनी से वैध कालोनी होने की प्रक्रिया के कारण एसडीएम कोर्ट रायसेन केस चल रहा है। सुनवाई के बाद रहवासियों की सड़क की मांग जल्द पूरी हो जाएगी।

**- योगिता राहुल परमार,** पार्षद, वार्ड 9।

### इनका कहना है

वार्ड 9 के रहवासियों को सड़क, बिजली, नाली आदि बुनियादी सुविधाएं प्राथमिकता से जल्द पूरी की जाएंगी।

**- सविता जमना सेन,** नपाध्यक्ष, रायसेन।

### न सड़क न सीवर, बिना डायवर्सन के कट रहीं कॉलोनियां

नगर में तालाब रोड पर करीब डेढ़ से दो दशक पहले कुछ कॉलोनाइजरों ने प्लाट बेचे। इसमें खरीदारों को तमाम सुविधाएं देने का वादा तो बखूबी किया गया। लेकिन लंबा अरसा बीता जाने के बाद भी न तो यहां सड़क बनी और न ही सीवर लाइन डाली गई। ऐसे में प्लॉट खरीदने वाले रहवासी अब परेशान हो रहे हैं। जिला राजस्व विभाग ने बिना डायवर्सन के प्लाट बेचने पर रोक लगाई है, लेकिन कॉलोनाइजर द्वारा अधिकारियों से सांठगांठ कर आम लोगों को ठग रहे हैं।


इस क्षेत्र के आसपास नई कॉलोनियां काटी गई हैं। इनमें सांची रोड़ कलेक्टर बंगले के पीछे वार्ड 4 प्रिंस कॉलोनी नई तहसील कॉलोनी में स्थानीय किसानों की जमीन को कम दामों में लेकर कॉलोनियां बनाई लेकिन इनमें न तो पानी है न बिजली और नालियां बनाई। ऐसे में प्लाट लेने वाले लोग ठगा महसूस कर रहे हैं।

## ग्राम बांसखेड़ा में सनसनीखेज लूट

# हथियारों से लैस चार बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर की लूट

मौके पर 4 थानों की पुलिस, डॉग स्कॉड सहित फिंगरप्रिंट टीम

लूट के समय परिवार के 8 सदस्य घर में थे मौजूद




हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई से 3 बजे के बीच एक दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई। खेत पर बने मकान में रह रहे एक परिवार को हथियारों से लैस 4 से 5 अज्ञात बदमाशों ने बंधक बनाकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूट ली। लूट के दौरान महिलाओं समेत परिवार के सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देर रात बदमाशों ने ग्राम बांसखेड़ा निवासी अभिषेक विश्वकर्मा पिता नर्वदा प्रसाद के घर का गेट तोड़ कर घर में घुसे और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई मां और चाचा-चाची को भी डंडों से पीटा। चाची का मंगलसूत्र व अन्य सामान छीन लिया, जबकि पिता को कमरे में बाहर से बंद कर दिया गया। बदमाशों ने हथियारों की नोक पर 1 लाख 60 हज़ार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें घर में रखी पलंग पेटी तोड़कर करीब 45 हजार रुपये नकद और लगभग 1.25 लाख रुपये का सोना-चांदी लूट लिया। पड़ोसी के टॉर्च लेकर पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस सहित उमरावगंज, सांची और सैंडोरा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने 4 अज्ञात आरोपियों पर लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बदमाशों ने फरियादी अभिषेक विश्वकर्मा को डंडे से मारा और बीच बचाव करने आई उसकी मां सावित्री बाई को भी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों का ईलाज चल रहा है।

## ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सहजपुर में बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। मैहर से पुट्टी भरकर भोपाल जा रहा आयशर एमएच 40 सीटी 6222 लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटा। दुर्घटना में ड्राइवर और क्लीनर पूरी तरह सुरक्षित हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयशर वाहन देर रात मैहर से भोपाल की ओर जा रहा था। सहजपुर के पास चालक ने अपने आगे चल रहे एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान सामने से अचानक एक



बस आ गई। बस से सीधी भिड़ंत को बचाने के चक्कर में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार होने के कारण आयशर वाहन सड़क से नीचे उतरकर सीधे खेत में जाकर पलट गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन काफी बुरी तरह पलटा था, लेकिन सौभाग्य से ड्राइवर और क्लीनर को गंभीर चोटें नहीं आईं।

## ताज मोहम्मद खान हुए लोकजन शक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोनीत, बधाई का लगा तांता

**रायसेन।** लोकजन शक्ति पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान की अनुशंसा एवं पार्टी के मप्र अध्यक्ष हाजी नुरुल्लाह, पूर्व जिलाध्यक्ष बबलू खान की सहमति पर नई तहसील मोहल्ला ताज मोहम्मद खान को लोकजन शक्ति पार्टी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके मनोनयन पर लोकजन शक्ति पार्टी के नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा खुशियां जाहिर कर बधाई दी है।




## देवरी मढ़िया सिलवानी में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# भगवान की सेवा से ही जीवन में स्थायी सुख और शांति प्राप्त होती है : पंडित सुरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

देवरी मढ़िया में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिन श्रद्धा, भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास पं. सुरेंद्र शास्त्री ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि मानव जीवन का एकमात्र उद्देश्य भगवत्सेवा है और वही सच्ची शांति का मार्ग है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि संसार के भौतिक सुख क्षणिक हैं जबकि भगवान की सेवा से ही जीवन में स्थायी सुख और शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने बताया कि भगवत्सेवा के चार प्रमुख चरण श्रवणए कीर्तन, ध्यान और पूजा। जो कि मानव को आत्मिक उन्नति की ओर ले जाते हैं। जब मनुष्य इन चारों चरणों को जीवन में आत्मसात



करता है, तभी वह ईश्वर की कृपा का अधिकारी बनता है। उन्होंने कहा केवल पूजा-पाठ ही नहीं, बल्कि सेवा की भावना से किया गया प्रत्येक कार्य भगवान की आराधना है।

कथाव्यास ने सेवा के नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान की सेवा से पहले अपने आसपास के पूजनीय व्यक्तियों माता-पिता, गुर, बुजुर्ग और समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान करना आवश्यक है। जब तक मनुष्य अपने पूज्यों का आदर नहीं करता, तब तक उसकी भक्ति अधूरी रहती है। उन्होंने यह भी कहा भगवान उसी सेवा को स्वीकार करते हैं जिसमें विनम्रता और सम्मान का भाव हो।

कथा में भगवान नृसिंह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने बताया कि भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति की रक्षा के लिए भगवान स्वयं खंभे से प्रकट हुए और अत्याचारी हिरण्यकश्यप का संहार किया।

# शब-ए-बरात को लेकर कब्रिस्तानों को लाइट की रोशनी से सजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज, अंबाडी और सेमरा सहित कई गांवों के कब्रिस्तानों को मंगलवार रात को लाइट की रोशनी से सजाया गया।

शब-ए-बारात इस्लाम धर्म का एक महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व माना जाता है, जिसे माफी और रहमत की रात भी कहा जाता है। यह शाबान महीने की 15वीं रात को मनाया जाता है। मंगलवार की रात मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों और घरों में विशेष नमाज़ अदा करते हैं, कुरान शरीफ की तिलावत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। लोग कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों को याद करते हैं, फातिहा पढ़ते हैं और दुआएं करते हैं। कई जगहों पर जरूरतमंदों को खाना,



मिठाई और कपड़े भी बांटे जाते हैं।

शब-ए-बारात पर्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कब्रिस्तानों की एक दिन पहले व्यापक साफ-सफाई की गई थी। मुस्लिम समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर कब्रिस्तानों से झाड़-झंखाड़ हटाए, कचरा साफ किया और रास्तों को व्यवस्थित किया, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने आपसी सहयोग और भाईचारे का संदेश दिया। साफ-सफाई के बाद कब्रिस्तानों में रोशनी और अन्य व्यवस्थाएं भी की गईं, जिससे शब-ए-बारात की रात श्रद्धालु आसानी से पहुंचकर अपने पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ सकें और दुआएं कर सकें।

## संगीतमय भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

नगर की अवंतिका कॉलोनी में चल रही है श्रीमद भागवत कथा

# नारियां अपने घर की मान-मर्यादा की रक्षा करें, तभी बचेगी संस्कृति : विपिन बिहारी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की अवंतिका कॉलोनी में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे



दिन बुधवार को कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी महाराज ने भारतीय संस्कृति, मर्यादा और सामाजिक एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचे और देर शाम तक भक्ति में लीन रहे।

संत विपिन बिहारी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि नारियां घर की मान-मर्यादा की संवाहक होती हैं। उन्हें इसे खंडित होने से बचाना चाहिए। भारतीय समाज में मर्यादा, संस्कार, भेष और भाषा, धर्म ग्रंथ का विशेष महत्व है। इन्हें संभालकर रखना हम सभी की



जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों, यज्ञ-पूजन और शोक की स्थिति में सिर हमेशा साड़ी के पल्लू से ढंककर रखना हमारी परंपरा है।

संत महाराज श्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जैसे-जैसे धन-दौलत बढ़ रही है, वैसे-वैसे पहनावे में मर्यादा कम होती जा रही है। अगर हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा।

### भजन को जीवन का हिस्सा बनाएं

उन्होंने दुपट्टा और चुनरी को भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताते हुए कहा कि मां की साड़ी के आंचल तले देश के महापुरुष और अमर शहीद पले-बढ़े हैं। शिवपुराण या भागवत कथा सिर ढंककर ही सुननी चाहिए। कथा के दौरान "मेरा अवगुण भरा शरीर प्रभु जी कैसे तरोगे" जैसे मधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

महाराज ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि भारत देश को फिर से महान बनाना है तो हिंदू को स्वामी विवेकानंद और मुस्लिम को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम बनना होगा। उन्होंने जात-पात का जहर घोलने वाले नेताओं से सावधान रहने की अपील की।

उदाहरण देते हुए कहा कि मीरा बाई क्षत्रोणी थीं और उनके गुरु संत रविदास थे, तुलसीदास ब्राह्मण थे और उनके संबंध स्वर्णकार समाज से थे। यानी हमारे संतों ने कभी जाति नहीं देखी। उन्होंने चेताया कि अगर हम एक नहीं हुए तो आने वाले वर्षों में न मंदिर सुरक्षित रहेंगे और न ऐसे खुले मैदानों में कथा-आयोजन संभव होंगे।